Alberta

समाचार विज्ञप्ति

महामारी से प्रभावित विद्यार्थियों के लिए और अधिक समर्थन

जून 01, 2022

एल्बर्टा सरकार अकादमिक और मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित चुनौतियों का सामना कर रहे विद्यार्थियों को लक्षित समर्थन प्रदान करने के लिए अतिरिक्त $113 मिलियन का निवेश कर रही है।

एल्बर्टा सरकार एल्बर्टा के बाल एवं युवा कल्याण कार्य योजना (Child and Youth Well-being Action Plan) के हिस्से के रूप में और बजट 2022 के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य, विशेष आकलनों और सीखने में होने वाले हानि के समर्थन को संबोधित करने के प्रयोजन से तीन वर्षों के दौरान अतिरिक्त $110 मिलियन आवंटित कर रही है। एल्बर्टा सरकार अगले स्कूल वर्ष में अभिनव स्कूल पोषण परियोजनाओं के नेतृत्व के लिए गैर-लाभकारी संगठनों को $3 मिलियन प्रदान करने के उद्देश्य से एक पायलट कार्यक्रम को फिर से आरंभ भी करेगी।

मानसिक स्वास्थ्य

एल्बर्टा सरकार ने विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए समर्थनों और सेवाओं के वितरण में सुधार पर केंद्रित पायलट परियोजनाओं के समर्थन तथा स्कूली समुदाय को उपकरण, प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए 2022-23 और 2023-24 में प्रतिवर्ष अधिकतम $10 मिलियन तक की धनराशि आवंटित की है। स्कूलों में सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य को समझना और इसे बढ़ावा देना माता-पिता, शिक्षकों और सामुदायिक भागीदारों की एक साझा जिम्मेदारी है।

विशेष आकलन

एल्बर्टा सरकार विशेष आकलनों की सुविधा में संवृद्धि को समर्थन देने के लिए 2022-23 और 2023-24 में प्रतिवर्ष अधिकतम $10 मिलियन तक का निवेश भी कर रही है। इसमें महामारी के दौरान संभावित रूप से विशेष आकलन की सुलभता प्राप्त न कर पाने वाले बच्चों और विद्यार्थियों के लिए भाषा-विज्ञानियों, शारीरिक चिकित्सकों, व्यावसायिक चिकित्सकों या मनोवैज्ञानिकों सहित अन्य योग्य पेशेवरों द्वारा आकलन सुनिश्चित किए जाने के प्रयोजन से धनराशि शामिल है।

सीखने में हानि को संबोधित करने के लिए समर्थन

लंबे समय में विद्यार्थियों के सफलतापूर्वक सीखने और भविष्य में उनके सीखने में आने वाली चुनौतियों को रोकने के लिए आरंभिक हस्तक्षेप सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उनकी शिक्षा के महत्वपूर्ण आरंभिक वर्षों में आकलन करना महत्वपूर्ण होता है। 2021-22 के निधीकरण के एकबारगी विस्तार के रूप में 2022-23 स्कूल वर्ष के लिए अधिकतम $10 मिलियन तक की धनराशि कक्षा 2-4 के विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त हस्तक्षेप को समर्थित करेगी, ताकि सही मार्ग पर वापस आना जारी रखा जा सके।

स्कूली अधिकारियों को विस्तारित निधीकरण की अर्हता प्राप्त करने के लिए यह आवश्यक होगा कि उन्होंने 2021-22 के सीखने में हानि को संबोधित करने के लिए निधीकरण कार्यक्रम में भाग लिया हो और 15 जून तक एल्बर्टा शिक्षा (Alberta Education) के समक्ष अपनी अनिवार्य वर्षांत रिपोर्ट जमा कर दी हो। उन्हें अनुमोदित सूची से चुनी गई साक्षरता और आंकिकता परीक्षाएँ संचालित करने की आवश्यकता भी होगी। यह अनुमोदित सूची अप्रैल में उपलब्ध कराई गई थी, जब सरकार ने घोषणा की थी कि स्कूली अधिकारियों को सितंबर 2022 में आरंभ होने वाली साक्षरता और आंकिकता परीक्षाएँ संचालित करने की आवश्यकता होगी।

स्कूल पोषण

एल्बर्टा सरकार 2022-23 स्कूल वर्ष के दौरान अभिनव स्कूल पोषण परियोजनाओं का नेतृत्व करने के लिए गैर-लाभकारी संगठनों को $3 मिलियन प्रदान करने का एक पायलट कार्यक्रम फिर से आरंभ करेगी। एल्बर्टा की पुनर्प्राप्ति योजना (Alberta's Recovery Plan) के हिस्से के रूप में प्रस्तावों के आह्वान के माध्यम से चुने गए गैर-लाभकारी संगठन अतिसंवेदनशील युवाओं के समर्थन के लिए अभिनव तरीकों का पायलट चलाने हेतु स्कूलों के साथ सहयोग करेंगे और विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्यप्रद, संतुलित भोजन की सुलभता सुनिश्चित करते हुए परिचालन की लागतों और स्कूलों पर पड़ने वाले प्रशासनिक भार को कम करेंगे।

एल्बर्टा शिक्षा (Alberta Education) एल्बर्टा में स्कूल पोषण में सुधार करने के तरीकों की जांच करने के लिए अनुसंधान साझेदारियों का पता भी लगाएगी।

त्वरित तथ्य

- वर्तमान में इस कार्यक्रम के माध्यम से 40,000 से भी अधिक विद्यार्थियों को दैनिक रूप से पौष्टिक भोजन प्राप्त होता है। ये आहार बच्चों एवं युवाओं के पोषण के लिए एल्बर्टा दिशानिर्देशों (Alberta Nutrition Guidelines for Children and Youth) के अनुपालन मे हैं।

संबंधित जानकारी

- स्कूलों में मानसिक स्वास्थ्य
- स्कूल पोषण कार्यक्रम
- बाल एवं युवा कल्याण कार्य योजना
- एल्बर्टा की पुनर्प्राप्ति योजना

मीडिया पूछताछ

कैथरीन स्टावरोपुलस

780-690-3317
प्रेस सचिव, शिक्षा

ALBERTA'S RECOVERY PLAN

Alberta's Recovery Plan is a plan to breathe new life into Alberta's economy and create new opportunities for every Albertan. It's a plan to build, to diversify, and to create jobs.